हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 पुलिस ने थानों में ली गुंडा-बदमाशों की परेड,...



12 शिक्षा और संगठन से ही संभव है सामाजिक ...





## खबर संक्षेप

### भालूकोना और दावनबोड में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार 1 जून को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भालूकोना एवं सिमगा के ग्राम पंचायत दावनबोड में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 34 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। भालूकोना शिविर में ग्राम पंचायत हरदी, कारी, कोहरौद, बगबुड़ा, खँदा (खैरा), बम्हनपुरी, तुरमा, खैरा, कुम्हारी, धाराशिव, चितावर, कोयदा, चंगोरी, सुनसुनिया, सिरियाडीह, भालूकोना,लाटा,पररसा पाली एवं सिंघारी शामिल होंगे। दावनबोड शिविर में दावनबोड़, चंदेरी, मर्राकोना, कोलिहा, दौरेंगा, कुलीपोटा, बुचीपार, ढाबाडीह, माचाभाट, रेंगाबोड़, मोटियारीडीह, ढेकुना, लिमतरा, संजारी न., रोहरा शामिल होंगे कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क्री बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### लेन-देन विवाद पर हत्या, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने मृतक के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। आशीष गरुड़ की हत्या के आरोप में पुलिस ने राज नायक और प्रकाश सोना उर्फ टेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पुराने लेन-देन के विवाद को लेकर दोनों बदमाशों ने आशीष पर चाकू से हमला किया था। घटना में गंभीर रूप से घायल आशीष की आंबेडकर अस्पताल में शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना एक दिन पूर्व 28 मई की रात करीब 12:30 बजे की है। आशीष के बाएं हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई थीं।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** भोरिंग की एक महिला के साथ मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तुमगांव थाने में चार महिलाओं के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।



भोरिंग की पूर्णिमा ने तुमगांव पुलिस को बताया कि 29 मई की रात करीबन 07.30 बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी, तभी पड़ोस की धरमशीला, इंदल, बबली, कविता उसके घर के गेट के सामने आकर उसे और उसकी बेटियों को गालियां देने लगी। जब वह घर से बाहर आई तब चारों ने मिलकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नवोदय विद्यालय प्रभारी प्राचार्य के क्वार्टर में चोरी

**महासमुंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली कैंपस में प्रभारी प्राचार्य के क्वाटर से नगदी व सोने-चांदी का सामान चोरी होने के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली के प्रभारी प्राचार्य लोकनाथ कैवर्त ने बताया कि वे विद्यालय के स्टाफ क्वाटर में रहते हैं। 18 मई की दोपहर 03 बजे शासकीय कार्य से अपने परिवार के साथ रायपुर गए थे और 29 मई की सुबह जब वापस लौटे तो देखा कि घर के सामने लगा ताला गायब था। घर के अंदर का सामान अस्त व्यस्त था और आलमारी खुला हुआ था। आलमारी के अंदर 40,000 रुपए और सोने चांदी के सामान लगभग 10,000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# 8 नगरीय निकायों और 9 तहसीलों के 738 गांवों में पूरा हुआ मकान सूचीकरण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत की जनगणना 2027 का कार्य जिले में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों के गणना का फील्ड कार्य 1 मई से से प्रारम्भ होकर 30 मई को सफलतापूर्वक सम्पादित हो गया है। प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के दौरान जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्न की जानकारी मोबाइल एप्प के माध्यम से संकलित की गई। ये प्रश्न मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाएं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित थी। अब यह जानकारी भारत सरकार के सर्वे में सुरक्षित रख दी गई है।द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी, 2027 में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के लिए एक फ्रेम प्रदान करती है, जिससे कि द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के दौरान कोई भी मकान एवं उसमें रहने वाले परिवार गणना से न छूटे। प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य जिले के समस्त तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में कुशलता एवं शांतिपूर्वक संपादित किया गया। इस दौरान जिले के समस्त क्षेत्रों को पूर्ण रूप से कवर किया गया एवं कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से नहीं छूटा है। प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करने के दौरान जिले के निवासियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ है।

## ऐप के जरिए जुटाए गए मकान और परिवारों के आंकड़े

### जनगणना आंकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनहित में

जिले के आम नागरिकों के द्वारा जनगणना से संबंधित जो भी व्यक्तिगत जानकारी दी गई है, वह जनगणना अधिनियम 1948, तथा जनगणना नियमावली 1990, के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। संकलित किए गए इन आंकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाएगा एवं भारत सरकार के द्वारा सम्पूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथोचित समय पर इन आंकड़ों को जारी किया जाएगा।



### फरवरी 2027 में होगा जनसंख्या गणना का दूसरा चरण

जिले में जनगणना 2027 प्रथम चरण का कार्य 8 नगरीय निकाय एवं 9 तहसीलों के अंतर्गत 738 ग्रामों में संपादित किया गया है। इस कार्य को संपादित करने के लिए जिले में 9 ग्रामीण चार्ज एवं 8 नगरीय चार्ज बनाए गए थे। इन चार्जों के अंतर्गत 1978 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए थे। जिले में इस कार्य हेतु 2238 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें 01 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिला कलेक्टर), 02 जिला स्तर के अधिकारी, 05 अनुविभागीय अधिकारी, 17 चार्ज अधिकारी, 02 मास्टर ट्रेनर्स, 45 फील्ड ट्रेनर्स, 1859 प्रगणक एवं 307 पर्यवेक्षक शामिल थे। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुलदीप शर्मा ने जिले में प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर जिले के समस्त नागरिकों को इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपने अभूतपूर्व सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है. उन्होंने आशा व्यक्त की है कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का कार्य जो फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा, तत्समय भी ऐसा ही सहयोग प्राप्त होगा।

### 14 पोलिंग बूथों के लिए मतदान दल रवाना, वोटिंग के तुरंत बाद केंद्रों पर ही होगी मतगणना

# पंचायत उप-चुनाव आजः जिले के 30 पदों के लिए सुबह 7 बजे से डलेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2026 के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में खाली सरपंच और पंच के कुल 30 पदों पर उप-चुनाव के लिए मतदान सोमवार, 1 जून को होगा। इसमें 3 पद सरपंच तथा 27 पद पंच के शामिल हैं। इन पदों के लिए कुल 73 उम्मीदवार (सरपंच के लिए 11 और पंच के लिए 62) चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। रविवार को विकासखंड मुख्यालयों में अंतिम प्रशिक्षण के बाद सभी मतदान दल चुनावी सामग्री लेकर अपने-अपने निर्धारित केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले में कुल 14 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस उप-चुनाव में मतदान बैलेट पेपर (मतपत्र) के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसका समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**बैलेट पेपर से होगा मतदान**

### 3 सरपंच और 27 पंच पदों के लिए 73 उम्मीदवार मैदान में, मतपत्रों से होगा चुनाव







### ब्लॉकवार चुनावी गणितः किस पंचायत में कितने उम्मीदवार?

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरदी में सरपंच पद के लिए 5 एवं पंच के 9 पद के लिए 18 अभ्यर्थी हैं। ग्राम पंचायत कोलिहा में पंच के 1 पद के लिए 4 उम्मीदवार हैं। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत देवरी में पंच में एक पद के लिए 4 एवं ग्राम पंचायत मल्दी में पंच के पद के लिए 2, विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत दतान ख में पंच पर 2 अभ्यर्थी हैं। विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत दावनबोड में सरपंच पद के लिए 3, ग्राम पंचायत जरौद एवं कोलिहा में पंच के एक- एक पद पर 2 -2 अभ्यर्थी हैं। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट (क ) में सरपंच पद के लिए 4 एवं पंच के 10 पद के लिए 23 उम्मीदवार, ग्राम पंचायत मडकडा में पंच के 2 पद के लिए 4 उम्मीदवार हैं। त्रिस्तरीय पंचायतों में 1 जून सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र पर ही मतगणना की जायेगी और यदि आवश्यक हुआ तो विकासखण्ड मुख्यालय पर 2 जून मंगलवार को प्रातः 9 बजे से मतगणना किया जाएगा।

# तुरमा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव स्थगित




हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तुरमा की सरपंच फुलेश्वरी बंजारे के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया फिलहाल 31 मई 2026 तक स्थगित कर दी गई है। मामले में सरपंच द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर किए जाने के बाद यह स्थिति बनी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इस पर एसडीएम बलौदाबाजार द्वारा अधिनियम की धारा 21 के तहत आवेदन स्वीकार करते हुए 29 मई 2026 को मतदान की तिथि निर्धारित की गई थी। इसके लिए सरपंच एवं संबंधित पंचों को नोटिस जारी किया गया था। सरपंच फुलेश्वरी बंजारे का कहना था कि उन्हें नियमानुसार सात दिन पूर्व सूचना नहीं दी गई।सूत्रों के अनुसार न्यायालय ने केवल मतदान प्रक्रिया को 31 मई तक स्थगित किया है। शेष पेज 11 पर

### समय की मांग पर हाईकोर्ट पहुंचा मामल

इसी आधार पर उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पर्याप्त समय देने की मांग की। न्यायालय में 29 मई को हुई सुनवाई के बाद अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही को 31 मई 2026 के बाद किए जाने का निर्देश दिया गया है। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले पंचों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्धारित तिथि पर समय रहते मतदान प्रक्रिया पूरी करा दी जाती तो प्रस्ताव पर निर्णय हो चुका होता। उनका कहना है कि नोटिस वितरण में हुई देरी का लाभ सरपंच को मिला है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

# दिनभर की उमस के बाद रात में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

दिनभर की भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को रविवार रात हुई झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी। देर शाम मौसम का मिजाज अचानक बदला और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई तथा वातावरण में ठंडक घुलने से लोगों ने राहत महसूस की। दिन के समय तेज धूप और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा, लेकिन रात में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह मानसूनी बारिश नहीं है, बल्कि प्री-मानसून गतिविधियों का असर है। मानसून के आगमन से शेष पेज 11 पर



# 150 अवैध पौवा शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा

थाना खरोरा पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर पुलिस ने ग्राम भैंसा समीप खपरीडीह खुर्द से एक शराब तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध देशी मसाला शराब और तस्करी में प्रयुक्त बिना वैध दस्तावेजों के एक होंडा एक्टिवा स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को शनिवार को मुखबिर



से पुख्ता सूचना मिली थी कि ग्राम खपरीडीह खुर्द में एक व्यक्ति बिक्री के उद्देश्य से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस की टीम को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश रात्रे (36 वर्ष), पिता स्वर्गीय संतोष रात्रे, निवासी खपरीडीह खुर्द बताया।पुलिस ने जब आरोपी के पास मौजूद सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी ली, तो उसमें से 150 पौवा 'शोले' देशी मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 27 बल्क लीटर आंकी गई है। बरामद शराब की बाजार कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही काले रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी (क्रमांक CG 04 QB 1538) को भी जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है। कार्रवाई के दौरान कुल 65 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया है।

### बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन

# 12 वर्षों का कार्यकाल विश्वास, विकास और जनकल्याण का स्वर्णिम कालः शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव रतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए






आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। कार्यक्रम में मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में हुए कार्यों का उल्लेख किया। जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम प्रभारी टेसू लाल धुरंधर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने शेष पेज 11 पर

### जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को विश्वास, विकास और जनकल्याण का स्वर्णिम काल बताते हुए जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव पूर्व जिला कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, डॉ. अजय राव, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, राकेश तिवारी, अध्यक्ष अशोक जैन और जिला के मंडल अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विजय यादव ने किया।

# आदर्श महिला समूह ने संभाला कमान रिक्शा से घर-घर जाकर जुटाया कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम पंचायत तुलसी में आदर्श महिला किसान समूह की महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समूह की दीदियों ने रिक्शा के माध्यम से घर-घर जाकर कचरा एकत्रित किया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही एकत्रित कचरे की छंटाई कर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने का संदेश दिया गया। महिलाओं ने बताया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य गांव को साफ-सुथरा रखना और नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष विशु वर्मा सहित साजन कुर्रे, गायत्री वर्मा, सरोज कुर्रे, छीता वर्मा, सविता चव्हाण, पूर्णिमा वर्मा, राधा वर्मा, बृज वर्मा, जानकी वर्मा, बिरझा यादव, शेष पेज 11 पर

- तुलसी में नारी शक्ति की अनूठी मिसाल

## खबर संक्षेप



### युवा कांग्रेस चुनाव, जिला-ब्लॉक कमेटियों के लिए नामांकन शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 13 जून तक चलेगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक पदों के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक, जिला कमेटियों और विधानसभा अध्यक्ष के लिए नामांकन 13 जून तक भरे जाएंगे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के पदों के लिए नामांकन 11 से 13 जून के बीच दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 से 18 जून तक होगी।बताया गया है कि प्रदेश महासचिव के लिए चुनाव लड़ने वाले दावेदारों का साक्षात्कार 4 जून को राजीव भवन में होगा।

### हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे, बैज ने दी बधाई

**रायपुर।** कांग्रेस ने हिन्दी पत्रकारिता के शानदार 200 वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 30 मई 1826 को पं. जुगल किशोर शुक्ल ने देश के पहले हिन्दी समाचार पत्र ''उदन्त मार्तन्ड'' का प्रकाशन किया था। यह भारत की पत्रकारिता के लिए स्तंभ साबित हुआ। हिन्दी पत्रकारिता अपनी निष्पक्षता के लिए जानी जाती है। पक्ष एवं विपक्ष का बराबर संतुलन एवं खबरों की निष्पक्षता ही पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

### जनगणना का पहला चरण पूरा, अंतिम दिन प्रगणकों ने बंद मकानों का लिया अपडेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना के पहले चरण में पहली बार घर-घर की सुविधाओं और संसाधनों का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है। 1 मई से शुरू हुई जनगणना के पहले चरण का 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो गया है और 30 मई को यह चरण समाप्त हो जाएगा। प्रदेश में जनगणना के लिए 48,742 ब्लॉक बनाए गए थे। इसी आधार पर प्रदेश में 85 लाख से अधिक मकानों का आंकड़ा सामने आया है। जनगणना का दूसरा चरण अगले साल 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। पहले चरण में कई मकानों में ताला बंद होने के कारण उनकी गणना नहीं हो पाई। उन मकानों को बंद दर्शाया गया है। अंतिम दिन प्रगणक ने दौरा कर उन मकानों की स्थिति अपडेट की। उल्लेखनीय है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है।

### पुलिस की बर्बरता से सरकार का अमानवीय चेहरा उजागर : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, राजनांदगांव में एक नाबालिक बच्ची के साथ पुलिस की बर्बरता एवं छत्तीसगढ़ सरकार की भ्रष्ट स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते जो अमानवीय कृत्य हुआ है वह शर्मनाक है। बच्ची ने पेट दर्द की शिकायत की, लेकिन अमानक



टेस्ट किट के मेडिकल टेस्ट में उसे गर्भवती बताया गया। उनका पूरा परिवार इससे मानसिक रूप से प्रताड़ित तो था ही, वही सोमनी पुलिस ने पीड़ित बालिका को रात भर थाने में बिठाकर उससे अमानवीय प्रश्न पूछ कर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। बताया जाता है क्योंकि सोमनी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा जिस किट से बच्ची के टेस्ट किए उसमें बच्ची को गर्भवती बताया गया। उसके पश्चात अन्य मेडिकल टेस्ट पर उसे गर्भवती नहीं बताया गया। उन्होंने कहा, सोमनी स्वास्थ्य केंद्र के टेस्ट किट जो स्थानीय स्तर पर क्रय की गई थी, वह अमानक और नकली भी उसमें रिपोर्ट गलत आई थी। उन्होंने कहा, मामले में सोमनी थानेदार ने अबोध बालिका के साथ बर्बरता पूर्ण कृत किया। उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाना चाहिए। भाजपा सरकार आने के बाद पुलिस रक्षक से भक्षक बन गई है, यह इस घटना से प्रमाणित होता है।

# 50 हजार से अधिक आदिवासी परिवारों को कानूनी हक से किया जा रहा वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी परिवारों के अधिकारों के हनन पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक अर्धशासकीय पत्र भेजकर छत्तीसगढ़ में वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों को सख्ती से लागू कराने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति को सौंपे गए पत्र में डॉ. महंत ने उल्लेख किया है कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 पूरे भारत में दिसंबर 2007 से प्रभावी है। इस कानून की धारा 3(1)(घ) के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार, वन भूमि पर स्थित जलक्षेत्रों में मछली पालन और जलाशयों के अन्य उत्पादों के उपयोग का हकदारी या सामुदायिक अधिकार पत्र स्थानीय पात्र व्यक्तियों को दिया जाना चाहिए। अत्यंत खेद का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बीते 18 वर्षों में भी इस महत्वपूर्ण प्रावधान का क्रियान्वयन नहीं किया जा सका है।

## राष्ट्रपति को नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने लिखा पत्र



### ठेका प्रथा से मजदूर बनने को मजबूर हुए मूल निवासी

डॉ. महंत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की वन भूमि पर लगभग 1,58,000 हेक्टेयर का विशाल जलक्षेत्र स्थित है। इन जलक्षेत्रों में मछली पालन और मत्स्याखेट के जरिए 50,000 से अधिक अनुसूचित जनजाति और अन्य वन निवासी परिवार अपनी जीविका चलाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान मछली नीति वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के पूरी तरह विपरीत है। कानून का उल्लंघन करते हुए राज्य के इन जलक्षेत्रों को पट्टे पर और 1000 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों को निविदाएं (टेंडर) आमंत्रित करके ठेकेदारों को सौंप दिया जाता है। इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि जिन बड़े जलाशयों पर स्थानीय आदिवासियों और वन निवासियों का सामुदायिक अधिकार होना चाहिए था, वहां वे बाहरी ठेकेदारों के अधीन महज मजदूर के रूप में काम करने को मजबूर हैं।



### राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि, छत्तीसगढ़ के आदिवासियों और पारंपरिक वन निवासियों के आर्थिक एवं कानूनी हितों की रक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम को तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कराया जाए। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि हजारों परिवारों को उनका वास्तविक हक मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि देश के सर्वोच्च कार्यालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्य सचिव इस विषय की गंभीरता को समझेंगे।

---

### सेहतमंदी के लिए लगाए जिम के उपकरण हो रहे खराब

# हीरापुर में 4 जगहों पर लगाए ओपन जिम खराब रोहणीपुरम गार्डन में भी जिम उपकरण की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग शहर के अलग-अलग जगहों पर लगाए गए ओपन जिम उपकरणों की देखरेख में ध्यान नहीं दे रहा है। इससे हीरापुर में हाउसिंग बोर्ड कालोनी पूजा गार्डन में लगाए गए जिम इक्वीपमेंट खराब हो गए हैं।

एमडी कालोनी शिव मंदिर के पास सेहतमंदी के लिए ओपन जिम की व्यवस्था की गई, पर देखरेख के अभाव में जिम के नट बोल्ट में जंग लग गए, कुछ उपकरण के हैंडल महीनों से टूट कर नीचे गिर गए। इसे अब तक सुधारा नहीं गया। वार्ड के एचआईजी कालोनी में स्थित तारू गार्डन में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित रोहणीपुरम तालाब के पास स्थित नगर निगम के उद्यान में लोगों की सुविधा के लिए एक्सरसाइज करने अलग-अलग उपकरण लगवाए गए, एक अरसे से इन उपकरणों में ग्रीसिंग नहीं होने और मेंटनेंस का कार्य नहीं होने से उपकरणों में खराबी आ गई है। नगर निगम द्वारा लोगों की सेहतमंदी के लिए 11 अलग-अलग तरह के ओपन जिम उपकरण शहर के विभिन्न बगीचों में लगवाए गए हैं, इसका उपयोग गार्डन में सुबह और शाम आने वाले लोग कर रहे हैं। पर जिम में लगाए गए उपकरणों की मेंटनेंस अवधि समाप्त होने के बाद दोबारा इसके मरम्मत के लिए एजेंसी तय नहीं होने से कई स्थानों पर एक्सरसाइज के लिए लगाए गए उपकरणों में खराबी आ गई है। वीर सावरकर वार्ड में ऐसे 4 स्थानों पर लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम ने ओपन जिम के उपकरण लगवाए हैं। हीरापुर के नवयुग स्कूल के पास लगाए गए ओपन जिम उपकरण खराब होने से स्कूली बच्चे इसका उपयोग नहीं कर पा रहे। वार्ड पार्षद संदीप साहू ने बताया कि पूजा गार्डन, एसडी कालोनी शिव मंदिर के पास वाला गार्डन के जिम उपकरण पूरी तरह खराब हो चुके हैं। इसे बदलने की मांग जोन 1 और निगम मुख्यालय में की गई है।





### कृष्णानगर का ओपन जिम टूट गया जिम वाली जगह सामुदायिक भवन

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित संत रामदास वार्ड के कृष्णानगर में नगर निगम द्वारा लगवाया गए ओपन जिम के उपकरण देखरेख के अभाव में टूट कर गिर गया। इसे दोबारा नया लगवाने की जगहउस जगह पर नगर निगम ने सामुदायिक भवन बनवा दिया है। इससे लोगों को एक्सरसाइज करने ओपन जिम की सुविधा नही मिल पा रही है। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया कि कर्मा चौक से काली मंदिर तक ओपन जिम के लिए प्रस्ताव बनाया गया है। आने वाले दिनों में इस पर काम किया जाएगा।

# नमी वाली हवा से लुढ़का तापमान, ग्रीष्मलहर से सुकून, शाम होते ही 40 की रफ्तार से चली आंधी

## पारा लुढ़कने से गर्मी में आएगी कमी, कहीं-कहीं बारिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से तापमान में आई गिरावट के बाद ग्रीष्मलहर से राहत मिली है। शाम होने के बाद शहर में 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली, जिससे मौसम में और ठंडकता आ गई। शनिवार को राज्य का अधिकतम तापमान 42.8 दर्ज किया गया। नमीयुक्त हवा ने पिछले चौबीस घंटे में अपना ज्यादा असर उत्तरी इलाकों में दिखाया है। पेंड्रा में दोपहर में भारी बारिश हुई और कई इलाकों में तेज आंधी के प्रभाव से जनजीवन प्रभावित हो गया।

इसी तरह अंबिकापुर में भी काफी देर बरसात होती रही, जिससे वहां दिन का तापमान काफी नीचे चला गया। इसी तरह मध्य इलाके में भी छाए बादलों का असर दिखा और धूप की तेजी लोगों को ज्यादा हलाकान नहीं कर पाई। हालांकि दोपहर में चिपचिपाहट ज्यादा बढ़ती हुई महसूस हुई। शहर का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया और शाम होने के बाद यहां हवा की गति बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक रायपुर के अलावा आसपास के इलाकों में करीब 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। शाम होने के दौरान शहर की सड़कों पर बढ़े वाहनों की संख्या के बीच बदले मौसम ने जनजीवन को कुछ देर के लिए प्रभावित कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक हवा के साथ नमी का प्रवेश होता रहेगा, तब तक इस तरह मौसम में बदलाव होता रहेगा।



### बंगाल की खाड़ी में सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरुनी उड़ीसा तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद है। इसके अलावा एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। रविवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है।

### 4 जून से बढ़ेगा दायरा

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी राज्य के मौसम उतार-चढ़ाव वाली स्थिति बनेगी। इसके बाद 4-5 जून के बाद राज्य में बारिश की गतिविधियों का विस्तार होगा। माना जा रहा है कि इस अवधि में दक्षिण-पश्चिमी मानसून केरल में अपनी दस्तक देगा। मानसून के वहां पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य रहने पर राज्य में भी बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। राज्य में मानसून सामान्य दिनों में 13 जून को दस्तक देता है और इसके आसपास ही उसके आने के आसार बन रहे हैं।

# हांडी तालाब को जलकुंभी मुक्त कराने चलाया सफाई अभियान

## जनशिकायत पर जोन 7 ने सफाई मित्रों की विशेष गैंग से कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तात्यापारा वार्ड क्षेत्र स्थित हांडी तालाब में जलकुंभी की शिकायत पर शनिवार को नगर निगम जोन 7 अमले ने संज्ञान लेते हुए तालाब की सफाई कराने विशेष सफाई अभियान चलाया। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू ने हांडी तालाब में 15 सफाई मित्रों की विशेष गैंग जलकुंभी सफाई के लिए तालाब में उतारी। तालाब के भीतर से जलकुंभी निकालकर हांडी तालाब को जलकुंभी से मुक्त कराया गया।



नगर निगम जोन 7 में हांडी तालाब में जलकुंभी से हो रही परेशानी को लेकर स्थानीय रहवासियों ने जोन कार्यालय में शिकायत करते हुए तालाब की सफाई कराने आग्रह किया। शिकायत मिलने के बाद जोन के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई मित्रों की सहायता से हांडी तालाब में फैले जलकुंभी की सफाई करवाई। लोगों से तालाब में गंदगी और कचरा न डालने की अपील कर तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनवाने का आग्रह किया गया।

रायपुर -रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा और जोन 7 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानन्द साहू के मार्गनिर्देशन में जनशिकायत पर उनका त्वरित निदान करने नगर निगम जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के क्षेत्र में हाण्डी तालाब में लगभग 15 सफाई मित्रों के विशेष गैंग की सहायता से सफाई अभियान चलाकर तालाब के भीतर से जलकुम्भी को बाहर निकालकर और उसको तत्काल उठवाकर हाण्डी तालाब को जलकुम्भी से मुक्त करवाते हुए समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से स्वच्छता कायम की गयी और प्राप्त जनशिकायत का जोन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से त्वरित निदान किया गया. इसके साथ ही हाण्डी तालाब के आसपास जनजागरण अभियान रहवासियों के मध्य चलाया जाकर नागरिकों से तालाब में गन्दगी और कचरा नहीं डालने और वार्ड और रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने सहभागिता दर्ज करवाने की की विनम्र अपील नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी।

## पत्नी, बच्चे को भगाकर ले जाने के गम में ट्रांसपोर्टर ने पुल से कूदकर की खुदकुशी

- पंजाब से आए युवक ने ट्रांसपोर्टर की पत्नी बच्चे को झांसा देकर अपने साथ एक माह पूर्व भगाकर ले गया है
- ट्रांसपोर्टर की पत्नी, बच्चे को भगाकर जो ले गया है उसके खिलाफ एक अन्य महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर ने शनिवार शाम साढ़े पांच बजे पुल से कूदकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने के पूर्व मृतक ने एक ऑडियो जारी किया है, जिसमें उसने किसी निशान सिंह महली तथा उसकी बहन के खिलाफ आरोप लगाया है। आरोपों के मुताबिक निशान सिंह तथा उसकी बहन मृतक की पत्नी तथा दो बच्चों को एक माह पूर्व झांसा देकर अपने साथ भगाकर उत्तराखंड ले गए हैं। इससे दुखी होकर ट्रांसपोर्टर ने खुदकुशी करने की बात कही है।



पुलिस के अनुसार हीरापुर निवासी सोनू नामक युवक ने पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी की है। सोनू द्वारा जारी ऑडियो के अनुसार निशान सिंह उसकी पत्नी को शादी करने का झांसा देकर बच्चों को साथ लेकर भाग गया। इसके लिए सोनू ने अपने समाज से जुड़े लोगों से पत्नी तथा बच्चों को वापस लाने गुहार लगाई। साथ ही थाने में अपनी पत्नी, बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। पत्नी तथा बच्चों के वापस नहीं आने से सोनू बुरी तरह से टूट गया और उसने पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।

## स्टेशन में गांजे के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार, दिल्ली जाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीआरपी थाना और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 35 हजार रुपये है। टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र के पीछे स्थित नए गेट के पास एक युवक को संदिग्ध रूप में पकड़ा। टीम ने जब उसके ट्रॉली बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 5 पैकेट गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।



**ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली ले जाने की थी साजिश**

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान अक्षय कुमार 23 वर्ष, पिता सतपाल, निवासी खातौली, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह गांजा मलकानगिरी (ओडिशा) से लेकर आया था और ट्रेन के जरिए इसे दिल्ली ले जाने की तैयारी में था।

# कोर्ट परिसर में युवक का सिर फोड़ा, वकीलों ने आरोपी को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोर्ट परिसर में पेशी में आए एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर कड़े से हमला कर सिर फोड़ दिया। मौके पर उपस्थित वकीलों ने सिर फोड़ने वाले युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शनिवार दोपहर एक से डेढ़ बजे के बीच की है। घटना के बाद कोर्ट परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जा रहा है, दोनों शराब के नशे में धुत्त थे। सुनवाई के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकलने के दौरान घटना हुई।

- घटना के समय दोनों नशे में धुत्त थे, आठ साल पुराने मारपीट के प्रकरण में दोनों पक्ष पेशी में गए थे

एडीसीपी तारकेश्वर पटेल के अनुसार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में करीब सात-आठ साल पुराने मारपीट के प्रकरण में सुनवाई के लिए राहुल सोनी तथा धृवेश देवांगन पेशी में गए हुए थे। कोर्ट से बाहर निकलने के बाद धृवेश तथा राहुल के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान धृवेश ने अपने हाथ में पहने कड़ा को ऊपर चढ़ाया और राहुल के सिर पर वार कर दिया। सिर पर कड़ा लगने से राहुल के सिर से खून का फौवारा फूट पड़ा।

### मौके पर उपस्थित वकीलों ने बदमाश को घेरकर पकड़ा

घटना कोर्ट परिसर के सेकेंड फ्लोर की है। घटना के समय कोर्ट परिसर में काफी चहल पहल थी। युवक पर बदमाश द्वारा कड़ा से हमला किए जाने की घटना के बाद मौके पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों के साथ वकीलों ने वीडियो बनाया। साथ ही रायपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश देवांगन तथा अन्य वकीलों ने बदमाश युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

## प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन सिर्फ ढाई हजार का

# हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना बेच रहे जेवर, अब होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सराफा कारोबारी हॉलमार्क पर गंभीर ही नहीं हैं। तीन साल बाद भी 15 हजार कारोबारियों में से मुश्किल से ढाई हजार ने अपना पंजीयन कराया है। ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, उन्होंने पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखाई है, जबकि एक अप्रैल 2023 से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी है। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश में बिना पंजीयन के जेवर बेचने वाले सराफा कारोबारियों पर अब एक्शन की तैयारी है। एक दिन पहले ही राजधानी के दो कारोबारियों के यहां छापा मारा गया है। आने वाले समय में अन्य कारोबारियों के यहां भी छापे पड़ेंगे। सोने के जेवरों पर वैसे तो 2021 से ही हॉलमार्किंग अनिवार्य है, लेकिन यह पहले ऐच्छिक था, लेकिन



इसको एक अप्रैल 2023 से केंद्र सरकार ने जरूरी कर दिया। इसके बाद से कारोबारियों ने पंजीयन कराना प्रारंभ किया। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारियों ने पहले इस उम्मीद में पंजीयन नहीं कराया कि सरकार शायद जल्द ही जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था। केंद्र सरकार ने कारोबारियों की मांग नहीं मानी, इसके बाद भी कारोबारियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है।

### 85 फीसदी का पंजीयन नहीं

जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 85 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। प्रदेश में 15 हजार सराफा कारोबारी हैं जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 600 से ज्यादा सदस्य हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष धरम भंसाली के मुताबिक हमारे सदस्यों में से ज्यादातर ने पंजीयन करा लिया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कालोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं जो एसोसिएशन के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं, वे पंजीयन कराने में गंभीर नहीं हैं। हमने एक दिन पहले की छापामार कार्रवाई के बाद सभी सदस्यों से साथ ही छोटे व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि वे अपना पंजीयन करा लें और परेशानी से बचें।

### प्रदेश में दस सेंटर

हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। इतनी सुविधा होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन नहीं करा रहे हैं।

### सभी पंजीयन कराएं

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के ही हमारे 15 हजार सदस्य हैं। हमारा सभी से आग्रह कि सभी को अपना पंजीयन कराना चाहिए।

- कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

# भाजपा अभी से चुनावी मोड में, बूथ से लेकर जिलों में अब हर माह बैठक जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ढाई साल पहले ही अभी से चुनावी मोड में आ गया है। भाजपा ने 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि अब बूथों से लेकर जिलों में हर माह बैठक की जाएगी। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी।

हर हाल में अब हर माह बैठक होगी। इसके लिए हर स्तर पर बैठकों का समय भी तय कर दिया गया है। इन बैठकों में हर माह होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ सबसे अहम बूथों को लेकर चर्चा होगी। भाजपा का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के हर बूथ को मजबूत करना है।

भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ मे 2028 में विधानसभा चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

## प्रदेश संगठन की भी हर माह बैठक और तीन माह में कार्यसमिति जरूरी



**पहली बार हर माह बैठक की रणनीति** : भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा का उन तीन हजार नए बूथों पर भी बड़ा फोकस है। अब अगले माह से भाजपा की बैठकों की दौर प्रारंभ होने वाला है। इसमें बूथों की बैठक के साथ शक्ति केंद्र, मंडल और जिलों की बैठक होगी तो इसमें बूथों को लेकर खास मंथन होगा किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठकों के लिए क्रम भी तय किया गया है। हर माह के पहले सप्ताह में मंडलों की बैठक होगी। दूसरे सप्ताह में जिलों और तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। अंत में बूथों की बैठक चौथे सप्ताह में ही। इसी के साथ बूथों में बैठक के पहले मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना जाएगा। प्रदेश के पदाधिकारियों की हर माह बैठक होगी और हर तीन माह में कार्यसमिति की बैठक भी अनिवार्य रूप से होगी।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर परिसर में शनिवार को दो व्यक्तियों के मध्य मारपीट की घटना सामने आने के बाद न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष दिनेश देवांगन ने साथी अधिवक्ताओं के साथ तत्काल आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, जिससे स्थिति को तत्काल नियंत्रित किया जा सका। अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस संबंध में कहा, न्यायालय परिसर एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थान है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों पक्षकार, अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, न्यायिक कर्मचारी तथा आम नागरिक न्याय प्राप्ति की आशा लेकर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की है रायपुर सहित प्रदेश के सभी न्यायालय परिसरों में पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए। प्रवेश द्वारों पर सघन जांच व्यवस्था लागू की जाए।

### 10 क्विंटल फूलों से सजे श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



**धमतरी।** श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में रविवार को दो दिव्य एवं भव्य मनोरथ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी का 10 क्विंटल से अधिक सुगंधित और आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान की मनोहारी छटा का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।आयोजन के तहत पहला मनोरथ फूलों का सघन वन रहा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणि देवी-गोपालदास अग्रवाल परिवार थे। इस अवसर पर भगवान के लिए भव्य पुष्प बंगला तैयार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। कोलकाता से आमंत्रित कारीगरों ने लगभग 12 घंटे की मेहनत से मंदिर परिसर और पुष्प बंगले को भव्य स्वरूप दिया। सजावट में सेवंती, लाल सेवंती, कमल, रातरानी सहित विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों का उपयोग किया गया। फूलों की सुगंध और आकर्षक सज्जा ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। दूसरा मनोरथ महारास (रास गरबा) था जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी रहे। इस दौरान भक्ति संगीत और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना की।

# लोन बकाया के कारण बंद होने के कगार पर थी दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना

## जीवित रखने 24 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए लाई गई दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना को प्रदेश में जीवित रखने के लिए छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम को राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (एनएचएफडीसी) को 24 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ा। हालांकि इसका कारण भी दिव्यांजन ही हैं, जो लोन लेने के बाद किस्त पटाना बंद कर दिए हैं। प्रदेश में 2 हजार से अधिक हितग्राहियों पर कुल 74 करोड़ 39 लाख से अधिक लोन राशि बकाया है। यह राशि एक वर्ष पूर्व और ज्यादा थी, जिसके कारण केंद्र ने इस योजना के तहत राशि जारी करना ही बंद कर दिया था। इस वजह से जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिलना भी बंद हो गया था। एनएचएफडीसी को राशि भुगतान करने के बाद दोबारा हितग्राहियों को लोन मिलना शुरू हुआ है।

दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना में एनएचएफडीसी मुख्य संचालक (नोडल) संस्था है, जो भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन काम करती है। यह संस्था ही वित्तीय सहायता (ऋण) प्रदान करता है, ताकि पात्र दिव्यांगजन अपना स्वरोजगार या व्यापार रियायती (कम) ब्याज दर पर व्यापार शुरू कर सकें। यह संस्था सीधे हितग्राहियों को लोन उपलब्ध नहीं देती है, यह एक शीर्ष संस्था के रूप में काम करती है, जो राज्यों की नामित चैनल एजेंसियों (एससीएएस), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से फंड (राशि) का वितरण करती है। प्रदेश में जिस तरह से दिव्यांगजनों ने लोन लेने के बाद उसकी किस्तें पटाना बंद कर दिए हैं, उसके कारण एनएचएफडीसी ने भी लोन के लिए फंड जारी करना बंद कर दिया था। एनएचएफडीसी ने फंड जारी करने के लिए कम से कम 24 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ दिव्यांजन वित्त एवं विकास निगम को निर्देशित किया था। इस राशि का भुगतान होने के बाद एनएचएफडीसी ने भी अब लोन की राशि जारी करना शुरू कर दिया है।



### आवेदनों पर निर्णय लेने बनी कमेटी

लोन के लिए आवेदन करने वाले दिव्यांगजनों को लोन देने से पहले अब पूरी तरह से जांच की जा रही है। इसके लिए निगम के अध्यक्ष ने एक कमेटी भी बना रखी है, जिसमें वे स्वयं भी है। इसके अलावा कमेटी में 8 और सदस्य हैं, जिसमें संचालक सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। कमेटी आवेदक ने किस व्यापार के लिए कितना लोन लेने की इच्छा जाहिर की है। व्यापार के लिए अधिकतम कितना लोन स्वीकृत किया जाना चाहिए। इस पर गहन चर्चा कर कमेटी निर्णय ले रही है।

### अधिकतम 5 लाख रुपए तक दिया जा रहा लोन

एनएचएफडीसी को 24 करोड़ रुपए का भुगतान किए जाने के बाद अब प्रदेश में जरूरतमंदों को भी लोन दिए जाने लगा है। हालांकि पूर्व में प्रदेश में अधिकतम 12 से 15 लाख रुपए तक लोन वितरित किया है, लेकिन बकाया लोन को देखते हुए अब यह राशि अधिकतम 5 लाख तक कर दी गई है।

### कमेटी बनाकर आवेदनों पर निर्णय

बकाया लोन के कारण योजना बंद होने की कगार पर थी। एनएचएफडीसी को 24 करोड़ रुपए का भुगतान किए जाने के बाद केंद्र से योजना के तहत फंड जारी होना शुरू हो पाया। बकाया लोन की रकम को देखते हुए अब कमेटी बनाकर आवेदनों पर निर्णय लिया जा रहा है।

*- लोकेश कावड़िया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम*

### 2247 हितग्राहियों पर ब्याज सहित 74 करोड़ लोन बकाया

प्रदेश में योजना शुरू होने के बाद से लेकर वर्ष 2023 की स्थिति में 2447 हितग्राहियों ने जरूरत के अनुसार कुल 66 करोड़ से अधिक का लोन लिया है। इसके एवज में मात्र 200 हितग्राही पूरा लोन पटा पाए हैं, शेष 2247 हितग्राहियों पर अभी भी मूलधन एवं ब्याज सहित 74 करोड़ 39 लाख से अधिक लोन बकाया है।

# हवाई यात्रियों की स्क्रीनिंग... यात्रियों से पूछ रहे प्रभावित देशों की यात्रा तो नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही और उनसे पूछा जा रहा कि ईबोला प्रभावित देशों की यात्रा तो नहीं की है। इस संक्रमण की रोकथाम और अतिरिक्त एहतियात के लिए विमानतल पर जांच काउंटर के अलावा जिला अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड भी बनाया गया है। इस संक्रमण की देश में अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है, मगर संक्रमण की वजह से विमानतलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

- ईबोला पर अलर्ट, विमानतल पर बनाया गया जांच काउंटर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली गाइडलाइन के बाद राजधानी रायपुर में ईबोला की अतिरिक्त निगरानी के लिए इंतजाम किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ विमानतल में यात्रियों की स्क्रीनिंग और ट्रेवल हिस्ट्री की जानकारी के लिए काउंटर स्थापित किया गया है। काउंटर में तैनात कर्मचारी रेंडम आधार पर यात्रियों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं और उनसे स्वास्थ्य संबंधित जानकारी के साथ विदेश यात्रा खासकर ईबोला प्रभावित देशों के बारे में पूछ रहे हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त एहतियात बरतते हुए जिला अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड भी बनाया है। इस वार्ड में इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए तमाम तरह की सुविधा जुटाई गई है। अधिकारियों का कहना कि सतर्कता और अतिरिक्त सावधानी से संभावित संक्रमणों को समय रहते रोका जा सकता है। जांच टीम को उन यात्रियों पर निगरानी रखा विशेष निर्देश दिए गए हैं जो अफ्रीकी देशों से होकर आए हैं। यात्रियों में बुखार, कमजोरी, उल्टी, शरीर दर्द या अन्य संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर तुरंत अलग रखने और आगे की जांच की व्यवस्था की गई है। इस संक्रमण ने अफ्रीकन देश में अपना ज्यादा असर दिखाया है और होने वाली मौत के कारण डब्लूएचओ ने इसकी इमरजेंसी घोषित की है।

## फेसबुक पर दोस्ती, क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर 16 लाख की ठगी

**रायपुर।** विधानसभा थाना में महालेखाकार कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ 16 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ने उससे फेसबुक पर दोस्ती कर क्रिप्टो करेंसी में दोगुना मुनाफा मिलने का झांसा दिया और लगातार दो महीने अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया। सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शंकर बोस ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

शंकर ने पुलिस को बताया है कि 5 फरवरी 2026 को फेसबुक पर काव्या चौधरी नाम की युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। युवती ने खुद को क्रिप्टो करेंसी निवेश से अच्छी कमाई करने वाला बताते हुए शंकर को भी निवेश करने की सलाह दी। इसके बाद युवती ने शंकर के पास अपना व्हाट्सएप नंबर साझा किया और शंकर को हर्षद करवा नामक व्यक्ति से संपर्क करने के लिए कहा। शुरुआत में पीड़ित से कमीशन के नाम पर छोटी-छोटी रकम जमा कराई गई। इसके बाद जालसाजों ने निवेश बढ़ाने और लाभ सुरक्षित करने का झांसा देकर लाखों रुपए जमा कराना शुरू कर दिया। पैसा आहरण करने के समय जालसाजों ने शंकर से और पैसों की मांग की तब उन्हें अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

### भुगतान करने बैंक से लोन

शिकायत में शंकर ने बताया है कि जालसाजों के झांसे में आकर उन्होंने कई भुगतान बैंक से ऋण लेकर किए थे। अब उन पर ईएमआई का बोझ है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी बेटी हार्ट संबंधी बीमारी से पीड़ित है, जबकि पत्नी का इलाज न्यूरोलॉजिस्ट की देखरेख में चल रहा है। ऐसे में ठगी के कारण परिवार गंभीर आर्थिक संकट में आ गया है।

# पुलिस ने थानों में ली गुंडा-बदमाशों की परेड, सुधरने की दी अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





पुलिस अधीक्षक ओपी. शर्मा के कुशल निर्देशन जिले में अमन-चैन, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के थाना एवं चौकियों में क्षेत्र के सूचीबद्ध गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों और असामाजिक तत्वों की सामूहिक परेड ली गई। अभियान के दौरान जिले के थाना / चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के आदतन अपराधियों और हुड़दंगियों को थानों में तलब किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित सभी बदमाशों के वर्तमान कामकाज, जीविकोपार्जन के साधन और उनकी गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही उनके डोजियर (रिकॉर्ड) को भी अपडेट किया गया। परेड के दौरान सभी गुंडा-बदमाशों को कड़े लहजे में हिदायत दी गई, कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से पूरी तरह दूर रहें। यदि कोई भी दोबारा अपराध में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कठोरतम कार्रवाई कर सीधे जेल भेजा जाएगा। पुलिस की इस अचानक हुई सख्त कार्रवाई से जहां अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस के इस कदम की सराहना की है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति व्यवस्था और कानून का राज बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ इस तरह का सख्त रुख आगे भी लगातार जारी रहेगा। अपराध मुक्त और सुरक्षित बलौदाबाजार-भाटापारा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधी सुधर जाएं, अन्यथा सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहें।

- एसपी के निर्देश पर थानों और चौकियों में खंगाले गए आदतन बदमाशों के रिकॉर्ड

# पानी की कमी और बढ़ते तापमान की चिंता, पुराने निगम भवन में गार्डन नहीं, बनाएंगे काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के बाशिंदों का कहना है कि पुराने तालाबों में जहां पहले चारों ओर मिट्टी वाली परत हुआ करती थी, वहां सौंदर्यीकरण के नाम पर कंक्रीट कर रीटेंनिग वॉल खड़ी कर दी गई। अब स्थिति ये है, तालाबों का ग्राउंड वाटर रीचार्ज नहीं हो रहा है, इससे तालाब का पानी सूखने लगा है। तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। रायपुर शहर में अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव को देखते हुए खाली पड़ी शासकीय जमीन पर अर्बन फारेस्ट विकसित करने का सुझाव मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दिया गया है। पर्यावरण प्रेमी नितिन सिंघवी ने शहर में कम से कम 100 अर्बन फारेस्ट विकसित करने की जरूरत बताई है। यह आधा हेक्टेयर से लेकर 5 हेक्टेयर और अधिकतम 10 हेक्टेयर शासकीय खाली पड़ी जमीन पर शहरी वन के रूप में कम खर्च पर विकसित की जा सकती है।

समता कालोनी के भैंसथान की खाली पड़ी जमीन पर स्थानीय रहवासियों ने बगीचा और खेल मैदान विकसित करने की मांग करते हुए पूर्व में प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद भी नगर निगम प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। इसी तरह मालवीय रोड स्थित पुरानी निगम मुख्यालय की खंडहर पड़ी जमीन पर गार्डन बनाने की मांग रखी, क्योंकि न केवल रायपुर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और बाहर से भी लोगों का कारोबार के सिलसिले में यहां आना-जाना लगा रहता है। यदि यहां लोगों के बैठने लिए कुर्सी लगाकर खाली जमीन पर सुंदर बगीचा बना दिया जाता, तो इससे लोगों को राहत मिलती। शहरी सरकार ने इसके उलट एमआईसी में यहां कमर्शियल बिल्डिंग और रूफटाफ रेस्टारेंट पीपीपी मोड पर तैयार करने की योजना बना ली, जबकि रूफ टॉप रेस्टारेंट का प्लान इससे पूर्व कलेक्टोरेट की मल्टीलेवल पार्किंग जयस्तंभ चौक के पास की मल्टीलेवल पार्किंग में भी शामिल रही, पर यह यह प्रयोग फ्लाप रहा। पंडरी के पुराने बस स्टैंड की जमीन भी एक अरसे से खाली पड़ी है, नगर निगम चाहे तो इस जमीन के कुछ हिस्से में गार्डन विकसित कर सकता है, पर आज तक इसकी जमीन की उपयोगिता ही तय नहीं हो पाई।



### प्लानिंग में एक्सपर्ट नहीं होना सबसे बड़ी दिक्कत

एनआईटी के सिविल इंजीनियर प्राध्यापक डॉ. समीर बाजपेई का कहना है, प्लानिंग में अर्बन प्लानिंग एक्सपर्ट, जल स्त्रोत एक्सपर्ट और मौसम संबंधी विशेषज्ञ के नहीं होने से यह स्थिति निर्मित होती है। सरकारी योजना में अधिकारी पर निर्भर रहने के बजाय विभिन्न विषय के एक्सपर्ट को शामिल करना चाहिए। आज विकास की सोच आर्थिक पहलू पर केंद्रित होकर रह गयी है। अर्बन प्लानिंग को आम आदमी की जरूरत के हिसाब से हरियाली, पानी, खेल मैदान और सिविक सेंस को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए। इसमें समग्र विकास की जरूरत है।

### आक्सीजोन की तर्ज पर 3 से 4 जगहों पर हरित क्षेत्र जरूरी

नगर निगम के पेनल्ड आर्किटेक्ट मनीष पिल्लेवार का कहना है, शहर के लिहाज से हरित क्षेत्र बहुत जरूरी है, डब्लूएचओ ने प्रति व्यक्ति के कितना हरित क्षेत्र हो इसका पैमाना तय किया है। देश में बहुत सारी जगहों पर इस पर काम हुआ है। हरित क्षेत्र विकसित होने से शहर का तापमान नियंत्रित रहता है। बहु मंजिला भवन निर्माण में ऐसी संरचना पर ध्यान दिया जाता है वह जगह ठंडा बना रहे,ग्लास भी उसी तरह से उपयोग करते हैं। अर्बन हीट आइलैंड इंपेक्ट सभी शहरों की समस्या है। हार्ड सरफेस बढ़ा है। कांक्रीट रोड, फुटपाथ में पेवर, गार्डन में चलने फिरने की जगह पेवर एक बड़ी समस्या है। जबकि गांवों में जहां मिट्टी की परत है वहां तपिश कम है। विडंबना ये है मास्टर प्लान में जहां ग्रीनरी दिखाई जाती है, वास्तव में वहां इसके उलट स्थिति है यह बड़ी दिक्कत है। सुझाव ये है कि कलेक्टोरेट के पास स्थित आक्सीजोन की तर्ज पर शहर में 3 से 4 जगहों पर इस तरह का पेंच कर सकते हैं। इसका एक अच्छा प्रभाव वातावरण में पड़ेगा।

## पेज 09 के शेष

### तुरमा सरपंच के ...

अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। अब सभी की नजरें एसडीएम बलौदाबाजार द्वारा जारी की जाने वाली अगली तिथि पर टिकी हुई हैं, जिस दिन अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। फिलहाल ग्राम पंचायत तुरमा में राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं और आगामी निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

### दिनभर की उमस...

पहले इस तरह की मौसमी हलचल के तहत तेज आंधी-तूफान, बिजली चमकने तथा हल्की से मध्यम वर्षा की स्थिति बनती है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी मौसम के इसी प्रकार बने रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा सोमवार और मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान जिले में गरज-चमक के साथ वज्रपात, तेज हवा चलने तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों के पास जाने से बचने की अपील की है। किसानों और आम नागरिकों को भी मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

### 12 वर्षों का ...

में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में सभी जिला में मीडिया कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम सफाई अभियान प्रगति पथ यात्रा विकसित भारत संकल्प अभियान शिविर का आयोजन मोदी सरकार की योजना की प्रदर्शनी सभी मंडल में करना है।

### आदर्श महिला समूह ...

तीजबती वर्मा, चप्पा कुर्रे एवं अन्य दीदियां उपस्थित रहीं। स्वच्छता अभियान के माध्यम से महिलाओं ने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### विधायक ने कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का किया श्रवण

**महासमुंद।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 215 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, नंदू जलक्षत्री, चुनेश्वरी साहू, रामेश्वर पटवा, सुरेश साहू, गोपी कन्नौजे उपस्थित रहे।

### अहिल्याबाई जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के महानारी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अहिल्याबाई होल्कर ने 1767 से 1795 तक लगभग 30 वर्षों तक मालवा साम्राज्य पर सफलतापूर्वक शासन किया। उन्होंने भारत भर में कई मंदिरों जैसे काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और धर्मशालाओं का निर्माण करवाकर सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण में अतुलनीय योगदान दिया था। उन्हें एक बेहद कुशल, न्यायप्रिय और प्रजापालक रानी माना जाता है।

### धनिया की खेती से किसान रतिराम की बढ़ी आय



**महासमुंद।** जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम अछरीडीह के कृषक रतिराम पटेल ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी फसलों को अपनाते हुए अपनी आय में अच्छी वृद्धि की है। कृषक पटेल बताते हैं कि पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक लागत के बावजूद सीमित आय प्राप्त होती थी। बेहतर आमदनी और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और साग-सब्जी एवं मसाला फसलों की खेती की ओर कदम बढ़ाया। रतिराम पटेल बताते हैं कि पूर्व में धान की खेती से उन्हें कुल लाभ सीमित ही मिलता था। वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्हें लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ।

### बरसात पूर्व नगर के सभी नालियों की सफाई करने की मांग

**सरायपाली।** गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महल पारा मेन रोड एवं पीछे गली के नालियों के साथ-साथ नगर के संपूर्ण वार्डों की नालियां में कचरा, घास फूस, झिल्ली, पन्नी, मलबा एवं मिट्टी के पट जाने के कारण कई नालियां जाम है। जिससे घरों के गंदे पानी एवं बरसाती पानी निकासी में बाधा होगी। गंदा पानी एवं बरसाती पानी वार्डवासियों के घरों में घुसने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नालियों के सही ढंग से सफाई नहीं होने से बदबू एवं गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उक्त विषय पर आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए बरसती पानी के निकासी व्यवस्था करने की मांग नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव से मांग की है। उक्त मांग पर तत्काल संबंधित कर्मचारियों को सफाई कार्य चालू करने का निर्देश देकर वार्ड क्रमांक 15 से सफाई कार्य चालू कराया गया।

**अनदेखी : सीएमओ बोले- जल्द बनेगा हाईटेक बस स्टैंड, पर अब तक जमीन का ठिकाना नहीं**

# जिले के बस स्टैंड में प्रतिदिन 4 हजार यात्रियों की आवाजाही, पर नहीं है शेड व पेयजल की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

चिराग तले अंधेरा वाली कहावत इन दिनों जिला मुख्यालय के सबसे बड़े और सबसे व्यस्त बस स्टैंड पर पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आ रही है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस बस स्टैंड में न तो पर्याप्त छाया की व्यवस्था है और न ही स्वच्छ पेयजल का स्थायी इंतजाम। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच यात्री खुले आसमान के नीचे बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग विकास के बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त हैं। हैरानी की बात यह है कि जब इस बदहाल बस स्टैंड की समस्याओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने वर्तमान समस्याओं के समाधान के बजाय प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैंड की बात शुरू कर दी, जबकि आज तक उसके लिए भूमि तक निर्धारित नहीं हो सकी है। ऐसे में शहरवासी और यात्री बेहतर सुविधाओं की राह ताक रहे हैं।

जिला मुख्यालय से प्रतिदिन रायपुर, बिलासपुर, भाटापारा, कसडोल, सरसींवा, सुहेला और तिल्दा समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए लगभग 150 बसें, मिनी बसें तथा दो दर्जन से अधिक टैक्सियां संचालित होती हैं। इन वाहनों से रोजाना तीन से चार हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं, लेकिन यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं की ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है।



#### तपती धूप में बस का इंतजार यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

दोपहर की चिलचिलाती धूप में बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों को बैठने या रुकने के लिए कोई व्यवस्थित शेड नहीं मिलता। मजबूरी में लोग आसपास की दुकानों, होटलों और भोजनालयों की छतों के नीचे खड़े होकर बसों की प्रतीक्षा करते हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड में यदि पर्याप्त शेड और प्रतिक्षालय की व्यवस्था होती तो उन्हें तेज धूप और लू के थपेड़ों से राहत मिल सकती थी। वर्तमान हालात में कई बार बसों के इंतजार में लोगों को घंटों खड़े रहना पड़ता है।



#### प्रस्ताव भेजा गया है

बस स्टैण्ड में नगर पालिका द्वारा प्याऊ का इंतजाम कराया गया है जिसे दोनों समय भरा जाता है। हाईटेक बस स्टैण्ड के लिए भी तीन चार स्थानों का चयन कर शासन स्तर पर भेजा गया है।
**-आशीष तिवारी,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार

#### महिला यात्रियों और बच्चों के लिए हालात सबसे खराब

राज्य परिवहन निगम के समय का यात्री प्रतिक्षालय आज उपेक्षा का शिकार होकर गंदगी और अव्यवस्था का केंद्र बन चुका है। कभी यात्रियों को राहत देने वाला यह प्रतिक्षालय अब उपयोग लायक नहीं रह गया है। महिला यात्रियों ने बताया कि बच्चों के साथ बस स्टैंड में रुकना बेहद कठिन हो गया है। गर्मी के कारण बच्चे परेशान हो जाते हैं और बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परिवारों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

#### कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद पेयजल की व्यवस्था नदारद

भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जिला मुख्यालय के सबसे व्यस्त बस स्टैंड में इन निर्देशों का पालन दिखाई नहीं देता। यात्रियों को पानी के लिए दुकानों पर निर्भर रहना पड़ रहा है और मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। नगर पालिका द्वारा लगाया गया अस्थायी प्याऊ भी नाकाफी साबित हो रहा है। पानी कुछ ही समय में समाप्त हो जाता है और असामाजिक तत्वों द्वारा उसे दूषित किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। शुक्रवार को अधिकांश दुकानों के बंद रहने की स्थिति में यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है। जिले के सबसे बड़े बस स्टैंड की ऐसी दुर्दशा ने प्रशासनिक संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के दावे करने वाले जिम्मेदार विभाग यात्रियों की मूलभूत जरूरतों छाया, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में यदि समय रहते व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं तो यात्रियों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। अब शहरवासियों और यात्रियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी समस्याओं का समाधान करते हैं या फिर हाईटेक बस स्टैंड के सपने दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते रहेंगे।

## जनगणना 2027 के पहले चरण का समापन मोबाइल ऐप से सुरक्षित हुआ मकानों का डेटा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़**

जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विगत शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह राष्ट्रीय अभियान 01 मई 2026 से शुरू होकर पूरे 30 दिनों तक चला। यह जिले की भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से किया गया है। जिले में इस कार्य को कुशलता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 13 जनगणना का चार्ज (6 तहसील एवं 7 नगरीय निकाय) बनाए गए हैं। कुल 1227 गणना खंडों के अंतर्गत, 1394 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीम ने घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और



परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से संकलित की है। यह सभी संकलित जानकारी अब पूरी तरह से भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित है। जिला प्रशासन ने इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में जिले के नागरिकों से प्राप्त सहयोग के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। जनगणना अधिनियम 1948 और जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत, नागरिकों द्वारा प्रदान की गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाएगा। जनगणना 2027 का द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आशा व्यक्त किया है कि आगामी चरण में भी जिले के निवासियों का इसी प्रकार का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## एसकेडीवी मिशन की बैठक, 9 जून को दामाखेड़ा कार्यशाला में जुटेंगे प्रतिनिधि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन**

कबीरपंथ के 16वे वंशप्रतापाचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा स्थापित सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन एसकेडीवी मिशन के तत्वाधान में लवन तहसील स्तरीय बैठक सदगुरु कबीर आश्रम लवन में रखी गई,।

इस बैठक में आगामी 9 जून को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में होने वाली कार्यशाला में सभी प्रतिनिधियों को उपस्थित होने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। मिशन के तहत आईडी कार्ड की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही अगले वर्ष पंथ श्री की नवोदय यात्रा के दौरान लवन आगमन पर चर्चा करते हुए सभी कबीरपंथियों के पारिवारिक संख्यात्मक सर्वे करने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। प्रत्येक गांव में सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस मनाने पर भी सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से जिला



प्रतिनिधि कुशल साहू, तहसील सलाहकार महंत मनोहर दास साहेब, जिला परोपकारी प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, जिला सह प्रतिनिधि अनिल कुमार साहू, जिला युवा प्रतिनिधि कैलाश वर्मा, जिला युवा सह प्रतिनिधि कोमल साहू, जिला महिला प्रतिनिधि पुनेश्वरी साहू, जिला महिला सह प्रतिनिधि अंजनी साहू, साध्वी मंटोरिया साहेब, तहसील परोपकारी जैतराम साहेब एवं तहसील प्रतिनिधि रोशन मानिकपुरी सहित समस्त तहसील के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में लवन आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन दास मानिकपुरी, सी बी साहू, खुमानदास मानिकपुरी, रामजी साहू, गगन दास, मिंटू साहू, विकास दास, टुमिका, पनिषा, मोनू दास सहित 22 गाँव के मिशन प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन तहसील प्रतिनिधि रोशन मानिकपुरी ने किया।

## मां शीतला माता मंदिर चौरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**हिरमी रावन।** ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में माँ शीतला माता मंदिर चौरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, वामन टिकरिहा एवं ऋषि साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने अतिथियों का बाजे-गाजे, पुष्पमालाओं एवं आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संदीप साहू ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विकास गांवों की पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर श्मशान घाट में शेड निर्माण, माँ शीतला माता चबूतरा निर्माण तथा हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं



मिलेंगी और गांव के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास से ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण मिलता है तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

### बुजुर्ग का किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आशियाना वृद्धा आश्रम में निवासित रामानी पति स्वरूपधन जिनका 30 मई 26 को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार किया गया। समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, ओम प्रकाश औसर, संजय साहू, डॉ एजाज नकवी, डॉ जितेंद्र शुक्ला, गुमान जैन, मनोज पटेल, सुरेश साहू, फगुआ पटेल, नेमू निर्मलकर, रुचि, श्रेया, भूमिका आदि मौजूद रहे।

## सरपंच से यादव भवन बनाने भूमि की मांग



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल**

झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र बलौदा पंजीयन क्रमांक 5066 जिला बलौदाबाजार भाटापारा के बलौदा परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष कुमार यादव द्वारा ग्राम कुम्हारी मे ग्राम पंचायत सरपंच दुशासन प्रधान उपसरपंच साधराम पटेल को सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमि आरक्षित करने का आवेदन पत्र सौंपा गया जिसमे क्षेत्र के पदाधिकारीगण एवं ग्रामवासी आवेदन के माध्यम से सरपंच से आग्रह किया गया है कि ग्राम कुम्हारी में यादव समाज काफी संख्या में लोग निवास रहते हैं जिनका सामाजिक बैठक सामाजिक कार्यक्रम करने पर भवन के अभाव में यहां वहां बैठना पड़ता है तथा वैवाहिक कार्यक्रम या अन्य सामाजिक कार्यक्रम करने पर भी किसी व्यक्ति विशेष के घर को मांगना पड़ता है यदि आपके माध्यम से यादव समाज के लिए भूमि आरक्षित करते हुए यदि जमीन का प्रस्ताव सहित नक्शा खसरा मिल जाए तो एक भवन निर्माण का प्रयास यादव समाज के द्वारा किया जाएगा। इस भवन में यादव समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों को भी समय-समय पर कार्यक्रम के लिए एक भवन मिल जाएगा सरपंच महोदय एवं उपसरपंच महोदय द्वारा इन बातों को गौर से सुनकर यादव भवन धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि आरक्षित करने का आश्वासन दिया जिसके लिए झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र एवं ग्राम कुम्हारी के यादव समाज ग्राम पंचायत सरपंच उपसरपंच एवं समस्त पंचगणों का सदैव आभारी रहेंगे। इस मांग के लिए क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश झेरिया यादव समाज के संगठन मंत्री चंदराम यादव, सहसचिव भरथरी यादव, विशेष सलाहकार भुजाऊ राम यादव। महामंत्री शंभू यादव, महामंत्री रामदयाल यादव, महामंत्री राकेश यादव, ऑडिटर ईश्वर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार यादव, लिमतरी ग्राम प्रमुख छतराम यादव, बरपाली ग्राम प्रमुख टीकाराम यादव, कौवाताल ग्राम प्रमुख रमेश यादव एवं ग्राम कुम्हारी के यादव बंधुओं मे सरोज यादव, राजू यादव, खेमराज यादव, संतोष यादव, चंद्राकर यादव उपस्थित रहे।

**अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती पर पाल समाज का**

## शिक्षा और संगठन से ही संभव है सामाजिक उत्थानः डॉ. पाल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हथबंद**

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती के अवसर पर पाल समाज परिसर, महादेवघाट रायपुर में भव्य शोभायात्रा, विद्यार्थी एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर नारी शक्ति द्वारा मोमेंटो एवं पुष्पहार भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन केशव पाल ने किया सम्मेलन में छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया समाज के अध्यक्ष रामाधीन पाल, कोशल धनकर, सचिन राजू पाल, ओमप्रकाश पाल, हीरालाल पाल



तथा रायपुर पार्षद महेंद्र अवशर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेन्द्र पाल, जनपद पंचायत सिमगा सभापति चन्द्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष नोहर पाल, सोहन पाल, मिलन पाल, दानी पाल, दिनेश पाल, गड़रिया समाज प्रचार-प्रसार मंत्री प्रकाश पाल, केशव पाल, मनीष पाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में नारी शक्ति, समाज के युवा, वरिष्ठजन एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की विशेष तैनाती की गई थी।

#### समाज सेवा और सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण

अपने उद्बोधन में डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा महिलाओं से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का पुष्पहार, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मेलन में समाज की एकता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अंत में समाज की उन्नति, सामाजिक समरसता एवं संगठन को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।